अग्रवाल महविद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम व रक्तदान शिविर का आयोजन

आज दिनाँक 04 नवंबर 2019 को अग्रवाल महाविद्यालय के सभागार में जिला रैड क्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद व डिवाइन चैरिटेबल ब्लड़ बैंक के संयुक्त प्रयास से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम व रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में श्रीमती सुषमा गुप्ता, कार्यकारी सदस्य, आई.आर.सी.एस. स्टेट हैडक्वार्टर, चण्ड़ीगढ़ पधारीं व विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री विकास कुमार, सचिव, डी.आर.सी.एस. फरीदाबाद व श्री पुरूषोत्तम सैनी, सदस्य, डी.आर.सी.एस., फरीदाबाद पधारे। मुख्य वक्ता के रुप में प्रो. एम.पी. सिंह व श्री जगत सिंह तेवतिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी द्वारा की गई ।

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में समय–समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी श्रृंखला में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की सद्प्रेरणा से यह महत्त कार्य सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में रक्तदान का महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया व कहा की ”आपके रक्त की एक–एक बूँद किसी को जीवनदान दे सकती है और हममें से सभी स्वस्थ व्यक्तियों को इस पुण्य कार्य में अपना योगदान देना चाहिए क्योंकि रक्त दान अनमोल है, महादान है। सड़क दुर्घटना में घायलों एवं सीमा पर तैनात जवानों तथा थैलिसीमिया से ग्रस्त व्यक्तियों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है इसलिए 18 साल से उपर के युवा रक्त दान कर राष्ट्र और समाज की सेवा कर सकते हैं” । वहीं प्राचार्य जी ने सकारात्मक नशा जैसे देश प्रेम का

नशा, ईश भक्ति का नशा, लक्ष्य प्राप्ति का नशा अपनाने की प्रेरणा दी। मुख्य वक्ता प्रो. एम.पी. सिंह व श्री जगत सिंह तेवतिया ने नशे के दुष्परिणामों से विद्यार्थियों को अवगत कराया व नशे से दूर रहने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि महोदया श्री सुषमा गुप्ता ने अपने वक्तव्य में नशे को सभी बुराइयों की जड़ बताया और युवाओं को इस बुराई के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की टीम बाती ने **"नशा एक बुराई"** पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया व छात्रा रितिका नागर ने नशा मुक्ति विषय पर कविता प्रस्तुत की । श्री विकास कुमार जी ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु महाविद्यालय प्राचार्य जी को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया ।

इस शिविर में युवा रैड़ क्रॉस, एन.एस.एस. और रैड़ रिबन क्लब के स्वयंसेवकों ने विशेष भागीदारी निभाई । यह शिविर डॉ. जयपाल सिंह, डॉ. अशोक निराला, डॉ. रेखा सेन, श्रीमती रितु, कुमारी सुप्रिया ढ़ाँडा, डॉ. पूजा सैनी, श्रीमती नेहा गोयल इत्यादि के सहयोग से सम्पन्न हुआ ।

महाविद्यालय में आज के शिविर में कुल **106** इकाई रक्त एकत्र कर इस महादान को सफल बनाया गया। विद्यार्थियों के साथ–साथ प्राध्यापकों में श्री सुभाष व कशिश चावला ने रक्त दान कर अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित व प्रोत्साहित किया ।